हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 जून 2024

06 आगामी 21 या 25 जून से शुरू हो सकती है प्री-मानसून...



08 सीएम राइज विद्यालय रेहटी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### स्टेडियम में 21 को होगा योग दिवस का आयोजन

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम खेल स्टेडियम परिसर में शुक्रवार की सुबह 6 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। डीईओ आरके ठाकुर ने बताया कि सामूहिक योग कार्यक्रम में जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ युवाजनों को शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।

### 30 जून तक जारी रहेगा जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार

**विदिशा।** प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक यथावत जारी रहेगा। इस अभियान तहत जिले में जल स्त्रोतों को विकसित कर उनके गहरीकरण व निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। बुधवार को विदिशा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों एवं जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में अभियान के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जल संरक्षण, बावड़ी तालाबों स्टॉप डैम, कपिलधारा कूप, तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण के कार्य किए गए हैं।

### पोलियो अभियान को लेकर बैठक आज होगी

**विदिशा।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं दस्तक अभियान के टीकाकरण कार्यों को शत प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आज होगी। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक कलेक्टेट भवन के बेतवा सभागार में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। पल्स पोलियो अभियान का क्रियान्वयन जून माह की 23 से 25 तारीख तक किया जाएगा। जिले के समस्त शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चो को पोलियो विमुक्ति की ड्राप पिलाई जाएगी। इसी प्रकार दस्तक अभियान का प्रथम चरण 25 जून से 27 अगस्त तक क्रियान्वित किया जाएगा।

### शासकीय कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला

**विदिशा।** टीलाखेड़ी स्थित शासकीय कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है। जिसका विधिवत रूप से एक जुलाई को उद्घाटन किया जाना है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना, सांसद, विधायक तथा महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष संस्था प्राचार्य के संयुक्त प्रयास से यह कार्य संभव हो सका है। अब महाविद्यालय में नए पाठ्यक्रम नए कोर्स व फैकल्टी की संख्या में विस्तार होगा। नगर का एकमात्र सह शिक्षा महाविद्यालय होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी शिक्षा के लिए दूसरी जगह नहीं जाना होगा। नए सत्र में अब स्नातक स्तर पर कला संकाय में मनोविज्ञान, भूगोल, संस्कृत विषय स्वीकृत किए गए हैं। विज्ञान संकाय में बायोटेक्नोलॉजी तथा कंप्यूटर साइंस विषय शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। वाणिज्य संकाय में परंपरागत पाठ्यक्रमों के साथ बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट को शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है।




विदिशा। कुरवाई में पुल नदी के घाट से अवैध तरीके से भारी मात्रा में रेत का परिवहन किया जा रहा है। मशीनों से रात के अंधेरे में रेत निकालकर दिन के उजाले में 20 से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉलियों से परिजन हो रहा है।

## अफसरों और नेताओं के संरक्षण में 20 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली ढो रहे रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अवैध खनन पर सख्ती के कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन विदिशा जिले में उनके निर्देशों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे कुरवाई में रात में बड़ी-बड़ी मशीनों से रेत का खनन व परिवहन किया जा रहा है। रात में मशीनों से रेत निकाली जा रही है और दिन में परिवहन किया जा रहा है। 20 से 25 ट्रेक्टर-ट्राली अवैध रेत का परिवहन करने में तैनात हैं। कुरवाई में पुल घाट से रेत निकाली जा रही है। लेकिन न तो खनिज विभाग कार्रवाई कर रहा न ही राजस्व विभाग। अधिकारियों और नेताओं के संरक्षण में यह खनन चल रहा है। हालांकि मुख्यालय से टीम जांच करने आई लेकिन पुल घाट नहीं पहुंची। अवैध खननकर्ताओं को जानकारी लगी तो उन्होंने पुल घाट से ट्रैक्टर ट्रॉली हटा लिए। एक तरफ मुख्यमंत्री जिले के कलेक्टरों को कहते हैं कि अपने जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न हो और दूसरे ओर नेता और अफसरों की मिलीभगत से अवैध खनन कराया जा रहा है। वहीं विदिशा के आसपास बेतवा में भी अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है।

### एक ही दिन में तीन लोगों की अलग-अलग कारणों से मौत

# सेल्फी के चक्कर में मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौत

रेलवे ट्रैक पर सेल्फी ले रहे युवक की मालगाड़ी से टकराने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी लगते ही जीआरपी और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफाटक बंद गेट के पास बुधवार को रेलवे ट्रैक पर चलते हुए सेल्फी ले रहे युवक की मालगाड़ी की चेपट में आने से मौत का मामला सामने आया है। युवक सेल्फी लेने में इतना मग्न था कि बीना की तरफ से आ रही मालगाड़ी का हॉर्न भी युवक को सुनाई नहीं दिया। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे देखकर आवाज भी लगाई। युवक को ट्रैक से हटने को कहा। लेकिन उसने सुना ही नहीं मालगाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तलैया मोहल्ले निवासी कमल सिंधु के रूप में की गई है।

### एंबुलेंस नहीं पहुंची तो बाइक पर शव ले गए परिजन



विदिशा। इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में काम करता था मृतक।

### हरिपुरा में मिली तीन दिन पुरानी लाश



हरिपुरा के एक घर में 3 दिन पुराना शव पुलिस ने बरामद किया है। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरिपुरा निवासी गोपाल कृष्ण पांडे उम्र 45 साल घर पर अकेले थे। बुधवार को घर से बदबू आने पर आस पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर शव पड़ा था, जो करीब 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### उपभोक्ता फोरम के भृत्य की मौत

इधर जिला उपभोक्ता फोरम में भृत्य के रूप में काम करने वाले 25 वर्षीय नीलेश ठाकुर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बुधवार को नीलेश की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सागर से परिजन भी जिला चिकित्सालय पहुंचे। नीलेश ठाकुर सागर जिले का रहने वाला है। 8 महीने पहले ही उपभोक्ता फोरम में नौकरी लगी थी। नीलेश अपनी पत्नी और बेटे के साथ राजीव नगर में रहता था। जिला उपभोक्ता फॉर्म के कर्मचारी दिलीप बेगा ने बताया कि आज नीलेश की पत्नी का फोन उनके पास पहुंचा था, उन्होंने बताया गया था कि नीलेश की तबीयत ज्यादा खराब है, जब वह घर पहुंचे तो नीलेश का शव मिला।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीएम राइज स्कूल की बसों को झंडी दिखाकर शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने ग्यारसपुर के सीएम राइज स्कूल में बसों को हरी झंडी दिखाकर बस सेवा का शुभारंभ किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के द्वारा बताया कि ग्यारसपुर में सरकारी स्कूल बसों के परिवहन से दूर दराज और ग्रामीण क्षेत्र से पढ़ने वाले बच्चों के लिए सुविधा होगी। शुभारंभ से पहले डीईओ ने 24 विद्यार्थीओं को मप्र सरकार की लैपटॉप योजना के तहत प्रमाण पत्र दिए। वहीं दो छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनका चयन इंस्पायर योजना के तहत हुआ है। बसों में बैठकर स्कूल के विद्यार्थियों के भी चेहरे खिल उठे। उनको भी बस में बैठने से बहुत ही प्रसन्नता हुई।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रीतिशंकर दयाल, प्रताप सिंह रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाह, दिग्पाल रघुवंशी, जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह, नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी राजेश वैष्णव, स्कूल प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा, सचिन मिश्रा, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, आशीष सोनी, आरती सोनी, अर्चना सोनी स्कूल का स्टाफ एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## खाद्य अधिकारी ने दूध डेयरी से लिए दूध, दही और लस्सी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खाद्य विभाग ने बुधवार को पेढ़ी चौराह स्थित दशमेश दूध डेयरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य कारोबारकर्ता को मिलावट न करने की हिदायत दी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति एडलिन ई पन्ना के द्वारा दशमेश दूध डेयरी से खाद्य पदार्थ गाय का दूध, मीठा दही, मीठा चक्का एवं लस्सी के सैंपल एकत्रित किए। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपलों को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है, बिना खाद्य लाइसेंस के यदि दुकानदार खाद्य कारोबार करते पाया जाता है तो कार्रवाई का प्रावधान है।




जांच करतीं खाद्य अधिकारी एडलिन पन्ना।

### 7 प्रकरणों में एक साथ जिलाबदर की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर ने सात प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर शाबिर कुरैशी हम्मालपुरा लोहा बाजार, मलखान सिंह रैकवार 40 वर्ष निवासी तोपपुरा, प्रकाश अहिरवार रंगियापुरा, राजकुमार अहिरवार 25 साल निवासी गली नंबर छह सुभाष नगर, सद्दाम मंसूरी निवासी लोहांगी, विक्रम उर्फ बुद्दु सिंह 46 वर्ष निवासी परेवरा थाना कुरवाई, चित्तर सिंह अहिरवार 28 साल निवासी छीरखेड़ा थाना कुरवाई को विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से तीन-तीन माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

## किसानों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर कृषि व ग्रामीण मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि किसानों द्वारा आपसी विवादों से बचने के लिए बड़ी मात्रा में सीमांकन के आवेदन लगाए जाते हैं परंतु सीमांकनों के आवेदन में पर्याप्त मात्रा में निराकरण नहीं होता है। 30 जून से पहले किसानों के सीमांकन संबंधी आवेदनों पर 100% निराकरण किया जाए। धान की रोपाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली दिन में 10 घंटे दी जाए। जिससे किसानों को बारिश में रात्रि के समय खेतों पर बिजली के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया सके। राजस्व प्रकरणों में न्यायालय आदेशों में 15 दिन के अंदर आदेशों पर अमल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे किसानों को अनावश्यक तहसील कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। ज्ञापन के दौरान लाखन सिंह जाट, अभिषेक चौकसे, भारत सिंह जाट आदि शामिल रहे।



विदिशा। किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन।

## विदिशा की प्रार्थना ने चेन्नई के समुद्र में सेलिंग खेल में जीता गोल्ड मेडिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गरीब परिवार में जन्मी रंगई गांव की खिलाड़ी प्रार्थना भोई ने चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया विंड सर्फिंग चैम्पियनशिप में अंडर 17 वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रार्थना 1 वर्ष से मप्र राज्य सेलिंग अकादमी भोपाल में अभ्यास कर रही है। चेन्नई में आयोजित इस प्रतियोगिता में अकादमी के 5 सेलिंग खिलाड़ियों ने भागीदारी की। अभी तक किसी भी खिलाड़ी ने वॉटर स्पोर्ट्स में विदिशा जिले को इससे पूर्व कोई पदक प्राप्त नहीं किया। कुश्ती कोच सुरेंद्र यादव ने बताया की प्रार्थना बहुत ही अच्छी कुश्ती खिलाड़ी भी है, लेकिन टैलेंट सर्च के दौरान जब वॉटर स्पोर्ट्स के लिए विदिशा में ही चयन हुआ तब प्रार्थना ने भी उस चयन में भागीदारी की। वॉटर स्पोर्ट्स के अभ्यास के लिए मप्र भोपाल स्थित राज्य सेलिंग अकादमी पहुंची और अंडर 17 वर्ग में उन्होंने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया। प्रार्थना की माता पूनम भोई द्वारा रोज जिला खेल परिसर में अभ्यास के लिए प्रार्थना को लेकर आती थीं। इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास सारंग ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।



### सरस्वती मानस मंडल के तत्वावधान में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 30 जून से 6 जुलाई तक

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव महापुराण कथा का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सरस्वती मानस मंडल के तत्वाधान में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 30 जून से 6 जुलाई तक गिरधर कॉलोनी में होने जा रहा है। कथा के लिए पहले नई कृषि उपज मंडी का स्थान चयनित किया गया था, लेकिन किसी कारण से स्थान को परिवर्तित कर दिया गया है।

बुधवार को गिरधर कॉलोनी में भूमिपूजन किया गया। संतों एंव ब्राह्मणों के सानिध्य में वैदिक मित्रोंच्चारण के साथ भूमिपूजन कराया। आयोजन समिति के धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि 30 जून से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से गिरधर कॉलोनी में शिवमहापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथा वाचन रवि कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भूमिपूजन देवी पृथ्वी (भूमि) और वास्तु पुरुष (दिशाओं के देवता) का सम्मान करने के लिए किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है।

ऐसा माना जाता है कि भूमिपूजा करने से भूमि में उपस्थित सभी नकारात्मक प्रभाव और वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं और निवासियों के लिए शांति और समृद्धि आती है। आयोजन समिति के शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी व लक्की अरोरा ने बताया पं. मिश्रा की कथा सुनने मप्र समेत प्रदेश व देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके लिए 30 बीघा में पंडाल तैयार किया जा रहा है। इसकी तैयारी बीते कई महीने से चल रही हैं। कथा स्थल के चयन के बाद भोजनालय, पार्किंग स्थल इत्यादि का भी चयन कर लिया गया है। आयोजन के सुचारू व्यवस्था के लिए कार्यालय की शुरुआत भी की गई। इस दौरान आयोजन को लेकर विभिन्न समितियां भी गठित की गई, जिन्हें सफाई, पेयजल, भोजन, पार्किंग, आवास व्यवस्था आदि के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।



विदिशा। शिवमहापुराण कथा के लिए गिरधर कॉलोनी में किया गया भूमिपूजन।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2950
उच्चतम भाव-3700
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2285
उच्चतम भाव-2830
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2495
चना
न्यूनतम भाव- 5000
उच्चतम भाव- 6826
मसूर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6352
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5940
सरसों
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-6000
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8650
मूंग
न्यूनतम भाव-5050
उच्चतम भाव-7760
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3200
अलसी
न्यूनतम भाव-5470
उच्चतम भाव-5670
बटरी
न्यूनतम भाव-1905
उच्चतम भाव-5400
धनिया
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6660
जौ
न्यूनतम भाव-1901
उच्चतम भाव-1901
ज्वार
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-3500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 16367 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## आसपास के क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश, वेबसाइटों ने दिए संकेत

# आगामी 21 या 25 जून से शुरू हो सकती है प्री-मानसून बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





इलाके में प्रतिदिन आसमान पर गहरे बादल तो छा रहे हैं, लेकिन उनसे उम्मीद के अनुरूप बारिश नहीं हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी एवं उमस के कारण परेशानी उठानी पड रही है। उधर इन बादलों से आसपास के इलाके में अच्छी बारिश होने और नगर सहित इलाके भर में पानी न बरसने से भी लोग बैचेन हो रहे हैं। दूसरी ओर किसान भी अब बेसब्री से प्री मानसून बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 21 जून के बाद से इलाके में प्री मानसून की बौछारें पडने की संभावना जताई गई है।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में इन दिनों भीषण गर्मी पड रही है। वहीं पिछले कुछ दिनों से आसमान पर बादल छा रहे हैं, जिससे लोगों को उमस एवं गर्मी के कारण काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। दूसरी ओर मानसून के समय पर केरल में दस्तक देने के बाद भी अभी तक इलाके में प्री मानसून बारिश न होने से किसानों सहित अन्य लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इलाके के किसानों का कहना है कि उन्होंने इस बार अच्छी बारिश की संभावना को देखते हुए अधिकांश रकबे में धान की बोवनी की तैयारी की है, लेकिन अभी तक प्री मानसून की बारिश भी शुरू नहीं हुई है, जिससे उनकी चिंता लगातार बढती जा रही है, क्योंकि बारिश जितनी देर से आएगी, उनकी बोवनी उतनी ही बिलंबित होगी। जिससे उपज प्रभावित हो सकती है। वहीं अन्य किसान भी बोवनी के लिए खेत तैयार कर चुके हैं और उन्हें बोवनी के लिए अब प्री मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार है। दूसरी ओर पिछले कुछ दिनों से इलाके में प्री मानसून की गतिविधियां जैसे गहरे बादल छाना,आंधी आना तो आरंभ हो गई हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। वहीं इलाके के आसपास के सभी क्षेत्रों में अच्छी बारिश का दौर शुरू हो गया है, लेकिन इलाके में पानी नहीं बरस रहा है। जिससे किसान ही नहीं आम लोग भी चिंतित हो रहे हैं और अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने भी अलग अलग पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। एक वेबसाइट के अनुसार इलाके में प्री मानसून की बारिश आगामी 21 जून से आरंभ हो सकती है। जबकि दूसरी वेबसाइट के अनुसार आगामी 25 जून से इलाके में प्री मानसून की बौछारें पडने की संभावना है। वहीं इन दोनों ही वेबसाइटों पर आगामी 3 जुलाई के बाद से मानसून के आगमन और नियमित रूप से अच्छी बारिश होने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं।

## बेतौली में खुलेआम चल रहा जुआ, लोगों से करते हैं अभद्रता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों स्वरुप नगर बैतोली में गली नंबर एक में इमली के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर कुछ लोग सुबह से लेकर शाम तक जुआ खेलते हैं। पास ही हेण्डपंप लगा हुआ है जिस पर महिलाऐं, युवतियां पानी भरने आती हैं। जुआ खेलने वाले लोग गाली गलौंज करते हैं जिससे महिलाओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। यहां के रहवासी जब जुआ खेलने वालों को भैरोंबाबा के चबूतरे पर जुआ खेलने से मना करते हैं तो उनके साथ भी गाली, गलौंज के साथ अभद्रता करते हैं। जिससे मोहल्ले के छोटे छोटे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। स्वरुपनगर बैतोली के रहवासियों ने पुलिस से जुआरियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## तीन दिवसीय योग शिविर प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उप जेल में बुधवार से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो गया। जिसका समापन आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस पर किया जाएगा। कार्यक्रम विधिवत शुभारंभ जेलर आलोक भार्गव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतिदिन आरोग्य भारती एवं पतंजली किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी योग गुरु महेन्द्र सिंह रघुवंशी सुनारी वालों के द्वारा मंत्रोउच्चारण एवं सूर्य नमस्कार, आसन बंध मुद्रा एवं प्राणायाम, भस्त्रिका, कपाल भांती, अनुलोम विलाम, भ्रामणी आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। जिसमें बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में कैदियों का योग के प्रति उत्साह देखा गया। जेल प्रभारी आलोक भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग का इतिहास प्राचीन है, जिसका प्रमाण हमारे सदियों पुराने मंदिरों और गुफाओं में मौजूद है। योग की एक महत्वपूर्ण और प्राचीन विधि है, जो शरीर मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रयुक्त की जाती है। उन्होंने कैदियों को अच्छे आचार-विचार, व्यवहार के लिये प्रेरित किया। कार्यकम का संचालन जयपाल सिंह यादव ने किया। शिविर में शिक्षक प्रियवृत शास्त्री, हजारीलाल पाटस्कर, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश चौरसिया विशेष रुप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के जयस्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। यातायात पुलिस ने 21 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की।

यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय ने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिये यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 21 चालान बनाए, जिनसे 8700 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस द्वारा की गई। इस चैकिंग में दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नगर के जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास, त्योंदा रोड, तिरंगा चौराहा, नवीन कृषि उपज मण्डी के आसपास वाहनों की चैकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने पालकों से अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की है। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## तेज हवा से गुदावल का यात्री प्रतिक्षालय का टीनशेड धराशायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

विगत दिनों इलाके में तेज़ हवा के साथ मामूली बारिश हुई। जिसके चलते ग्राम गुदावल का प्रतिक्षालय का टीन शेड अपनी जगह से 100 मीटर दूर नहर के उस पार जा गिरा और क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे अब ग्रामीण यात्रियों को बगैर शेड के यात्री प्रतिक्षालय में बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त का हुआ अंतरण



**गंजबासौदा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त का वितरण कार्यक्रम पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में वाराणसी उत्तरप्रदेश से सीधा अंतरण किया गया। इस मौके पर जनपद पंचायत सभागृह में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गोविंद गुर्जर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी देबू, तहसीलदार संदीप जायसवाल, नायब तहसीलदार सविता पटेल, सीईओ भगवानसिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ ने जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौरसिया श्याम के नेतृत्व में छः सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम विजय राय को गत दिवस ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने 30 जून के पूर्व किसानों के खेतों का सीमांकन कराने, धान की रोपाई हेतु पूरे दिन भर किसानों को बिजली प्रदाय करने, राजस्व प्रकरणों में न्यायालयीन आदेशों का एक पखवाड़े में अमल कराने, भूमि सुधार के तहत खेत, तालाब, कुआं के अधिक प्रकरण स्वीकृत कर कृषकों को मनरेगा का लाभ देने, मनरेगा की योजनाओं में मजदूरों से शत प्रतिशत कार्य कराए जाने, डीएपी खाद की दुकानों पर 1500 की बेची जा रही है। इससे किसानों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। कृषि विभाग खाद बीज कीट नाशक एवं कृषि मशीनरी की गुणवत्ता के साथ विक्रय दरों की नियंत्रित करने की मांग की गई है। इस दौरान कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौरसिया सहित अवनींद्र चतुर्वेदी, चंदन रैकवार, प्रकाश बाबू, मोहन सिंह, रतन सिंह सहित बडी संख्या में अन्य ग्रामीण एवं किसान मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने पकड़े तार चोर, पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सालेरी में खंभों से तार चोरी करने वालों को ग्रामीणों ने पकडा,दो दिन में भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

त्योंदा। नगर से लगभग 30 किलोमीटर दूर त्योंदा तहसील के ग्राम घटेरा के पास सालेरी गांव में बिजली चोरी के तार चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना देर रात गुप्त अंधेरे में लगभग 2 बजे करीब चार से छह लोग तार चोरी कर रहे थे उसी समय ग्रामीणों की नजर तार चोर गैंग पर पड़ गई और उन्हें ग्रामीणों ने घेरकर पकड लिया। इन तार चोरों ने गांव के पास से निकली हाई टेंशन लाइन जो उसे समय बंद थी उसे काटकर उसका तार चुरा लिया था। ग्रामीणों ने सभी तार चोरों को चोरी के तार सहित त्योंदा पुलिस को सौंप दिया एवं विद्युत विभाग की जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को अवगत करा दिया। साथ ही अपने-अपने मोबाइलों से वीडियो भी बना ली थी, जो अब वायरल हो रही हैं।

उधर गत दिवस चोरों सहित चोरी के तार मिलने के बाद भी पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल खडे हो रहे हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ग्राम बडवासा के पास भी कुछ बाहरी लोग खंभों से विद्युत तार चोरी कर ले जा रहे थे। उन्हें भी ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसमें ग्रामीणों ने एक चोर सहित एक कार और खंभों से काटा गया तार भी बरामद किया था। जो पुलिस को सौंप दिया गया था। हांलाकि कोतवाली पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पकडे गए चोर के फरार साथियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया था। लेकिन ग्राम सालेरी के इस मामले में त्योंदा पुलिस की भूमिका उदासीन बनी हुई है।

अपुष्ट सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि पूर्व में त्योंदा के विद्युत कंपनी कार्यालय में अस्थाई रूप से काम करने वाला एक युवक इस तार चोर गिरोह से संबंधित है। उसे ही हाईटेंशन लाइन को बंद करने और काटने की जानकारी थी। साथ ही गिरोह के एक सदस्य का रिश्तेदार भी किसी पुलिस अधिकारी का वाहन चलाता है।




इस मामले में त्योंदा टीआई मांगीलाल भाटी का कहना है कि तार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों द्वारा पकडकर सौंपे गए लोगों को भी संदेही के रूप में थाने में बैठाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### स्कूल चलें अभियान का दूसरा दिन

# जनप्रतिनिधियों ने पुस्तक का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्कूल चले अभियान के दूसरे दिन जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने काला पठार पहुंचकर कर छात्रों से संवाद कर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन की गई।

इसके उपरांत कक्षा 1 में नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी छात्र, छात्राओं को पुस्तक का वितरण कर चाकलेट दी गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। जनपद अध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप टाइम टेबिल बनाकर घर पर पढ़ाई करें, जो समझ मे नही आए शिक्षको से बार बार पूछें, आपके शिक्षक और शाला एक उत्कृष्ठ शाला है। सुबह उठकर नित्य क्रिया से फ्री होकर सबसे पहले योग करें, उससे कई बीमारियां दूर होती है। शिक्षकों द्वारा शाला में पढ़ाया गया है उसे ध्यान पूर्वक मन लगाकर पढ़ें और समझे, आपस में बातचीत ना करें। जब जनपद अध्यक्ष ने छात्रों से पूछा आप लोग क्या बनना चाहते है तो कई बच्चों ने शिक्षक, पुलिस, डाक्टर आदि बनने की बात कही। जनपद अध्यक्ष द्वारा इसके लिए शिक्षकों की बात मानकर पढ़ाई करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने कहा आप लोगो के माता पिता मेहनत मजदूरी कर आप लोगों को स्कूल भेजते हैं। जिससे आप लोगो का भविष्य बन सके। इसलिए आप लोग शिक्षकों द्वारा पढ़ाई गई और बताई गई हर बात को ध्यान पूर्वक सुने और माने। अपने आपको शिक्षकों के प्रति समर्पित कर दें। आप निश्चित ही नई ऊचाईओं को छुयेंगे। मैने बहुत सी शालाऐं, शिक्षक देखे हैं लेकिन शाला खुलने के दूसरे दिन ही इतनी बड़ी संख्या मे छात्रों का आना और शाला की उत्कृष्ठ व्यवस्थाएं मैने आज तक नहीं देखी।

इस अबसर पर सरपंच अशोक कुशवाह, सीएसी नीतेश मेहता, प्रकाश दीक्षित ने भी अपने उद्बोधन मे शाला के कुशल प्रबंधन की प्रशंसा की। इस अवसर पर शिक्षक गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार, गंगा सेन, ओमवती लोधी सहित अनेक पालकगण मौजूद थें।

### कार ने मारी युवक को टक्कर, गंभीर घायल



**गंजबासौद।** नगर के वार्ड 15 स्थित नामदेव कॉलोनी में बुधवार की दोपहर बाद एक चार पहिया वाहन शिफ्ट गाड़ी ने पैदल अपने घर जा रहे मनोज नेमा को पीछे से जोर से टक्कर मार दी और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद वाहन चालक ने वहां अपना वाहन थोड़ा धीमा किया, लेकिन घायल को देखने और अस्पताल पहुंचाने की कोशिश नहीं की। बल्कि वाहन चालक वहां से अपने वाहन सहित भाग निकला। बाद में अन्य नागरिकों और राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। उधर यह पूरी घटना पास में ही लगे सीसी टीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार इस दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई है, लेकिन पुलिस ने खबर लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

## रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी के उद्घोष के साथ शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में रानी लक्ष्मी बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई का जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ था। उनकी मां भागीरथी बाई महारानी के पितामह बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक थे। 1850 में मात्र 15 वर्ष की उम्र में उनका विवाह झांसी के महाराजा गंगाधर राव से हुआ। एक वर्ष बाद उनको पुत्र की प्राप्ति हुई किंतु दुर्भाग्य से चार माह बाद उसका निधन हो गया। इससे राजा गंगाधर राव को इतना गहरा आघात लगा कि वह फिर स्वस्थ ना हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। महाराज का निधन का आघात लक्ष्मीबाई के लिए आसान नहीं था लेकिन फिर भी वह घबराई नहीं और न ही उन्होंने विवेक खोया। अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र बना लिया। उधर अंग्रेजों ने झांसी को अंग्रेजी राज्य में मिलाने के लिए घोषणा कर दी यह सूचना पाते ही रानी ने कहा कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इसके पश्चात उपस्थितों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा रानी ने अपनी छोटी सशस्त्र सेवा के साथ अंग्रेजों से बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया, रानी ने खुले रूप से शत्रुओं का सामना किया। वह अकेले ही अपनी पीठ के पीछे दामोदर राव को बांधकर घोड़े पर सवार होकर अंग्रेजों से लड़ती रहीं। रानी की वीरता का लोहा न सिर्फ अंग्रेजों बल्कि अन्य रियासतों के राजाओं ने भी माना। रानी ने 1857 में स्वतंत्रता की वह चिंगारी जलाई कि 90 वर्ष बाद सन 1947 में अंग्रेजों को देश छोड़ना पड़ा और भारत आजाद हुआ। कार्यक्रम के अंत में मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर, सुबोध शर्मा, चंद्र प्रकाश सहित पाठकगण मौजूद थे।

### जाली छोटी होने के कारण आए दिन घायल हो रहे वाहन चालक, वार्डवासी व राहगीर

# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भाजपा पार्षद ने स्वयं ही नाली पर बिछाए पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका की कार्यप्रणाली की यदि बात की जाए तो यह बात किसी से छिपी नही है कि जब तक कोई हादसा न हो जाए नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों की नींद नही खुलती। यदि शहर में बडी-बडी नालियों पर लगी जाल की बात कि जाए तो अधिकांश नालियों की जालिया टूटी पडी हुई है। इन जालियों के टूटने के कारण दो पाहिया वाहन चालको के वाहनों के पहिए नालियों में फसने के कारण प्रतिदिन घटनाए हो रही है। तो वही इन टूटी हुई जालियो की अनेको बार शिकायत करने के बाद भी नपा अधिकारियो द्वारा इनकी मरम्मत नही की जा रही। जिससे आम नागरिको को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है।



### अपनी ही सरकार व सत्ता होने के बाद भी नही हो रही पार्षदों की सुनवाई

प्रदेश में भाजपा की सरकार है और क्षेत्रीय विधायक भी भाजपा के है यहा तक की नगर पालिका में भी भाजपा की सत्ता है फिर भी भाजपा के पार्षदो की ही सुनवाई नगर पालिका में नही हो रही है। जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम नागरिकों को नपा में अपने काम कराने के लिए कितने पापड़ बेलने पडतें होगें। वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा पार्षद अजमल शेर खान अपने वार्ड के मुख्य मार्ग पर नाली की टूटी पडी जाली की नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारियों से जाल को बदलवाने के लिए अनेको बार व्यक्तिगत रूप से शिकायत कर चुके है लेकिन उनकी शिकायत के बाद न तो नगर पालिका सीएमओ नें उनके शिकायत पर कोई ध्यान दिया और न किसी नपा कर्मचारी ने उक्त टूटी पडी जाली को मौके पर आकर देखा। जिससे टोटी पडी जाली में आए दिन दो पाहिया वाहनो के पहिए फसतें नजर आ रहें है।

### किसी ने नही सुनी तो स्वयं समस्या का समाधान करने में जुटे पार्षद

नगर के वार्ड क्रमांक 5 पार्षद अजमल शेर खान द्वारा अपने वार्ड के मुख्य मार्ग पर नाली पर लगी जाली टूटने की शिकायत नगर पालिका में कई बार की गई। लेकिन नपा के अधिकारी कर्मचारियो द्वारा जब उनकी शिकायत पर नाली पर जाली नही लगाई गई तो पार्षद ने स्वंय उक्त नाली पर पत्थर के पटिये बिछाने लगें। भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने बताया कि में वार्ड का पार्षद हूं और वार्ड की जनता मुझसे सवाल करती है मेरे द्वारा नाली पर जाली लगाने के लिए कई बार नपा के अधिकारी से स्वंय व्यक्तिगत शिकायत कर चुका हूं। लेकिन नपा के अधिकारियो द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। इसलिए मुझे स्वंय समस्या का समाधान करने के लिए नाली पर पत्थर के पटिये बिछाने पडें। क्योंकि वार्ड का पार्षद होने के नाते वार्ड की जनता मुझसे सवाल करती है मुझे जनता को जवाब देना पड़ता है जब नपा के अधिकारी नही सुनेगें तो हमें तो वार्डवासियो की समस्या का समाधान तो करना ही होगा। वार्ड के मुख्य मार्ग पर नाली पर लगी जाली कई महिनो से टूटी पड़ी हुई है जिससे कि आए दिन राहगीर व दो पाहिया वाहन चालक उक्त नाली पर जाली न होने के कारण गिरकर घायल हो रहें है। यदि उक्त नाली पर पत्थर के पटिये नही रखें होते तो किसी दिन कोई बडा हादसा हो सकता था।

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा उक्त नाली पर जाल लगाने के लिए ठेकेदार को आदेश दिया जा चुका है जल्द ही उक्त नाली पर जाल लगा दिया जाएगा।

**अखलेश मारको,** इंजीनियर, नगर पालिका परिषद सिरोंज

### जैन मंदिरों की श्रद्धांजलि सभा

## पिता की पुण्यतिथि कपर डॉ बंटी जैन ने गरीबों को बांटे



**सिरोंज।** जैन समाज के वरिष्ठ नेता,समाजसेवी डॉ राजीव जैन बंटी के पिता स्व डॉ श्रीचन्द्र जैन की 29वी पुण्यतिथि के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जैन मंदिर में शांति विधान,पूजन,अभिषेक,शांति धारा की गई। तो वही रात्रि में भक्ताम्वर पाठ का आयोजन किया गया। वही डॉ राजीव जैन बंटी द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 21 अयोध्या बस्ती मंस पहुचकर गरीबों को वस्त्र व मिठाइयों का वितरण किया। वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार जैन गुरधानी ने कहा कि स्व डॉ श्रीचन्द्र जैन का व्यक्तिव बडा ही शालीन व गंभीर रहा है। उन्होने सदैव धार्मिक कार्यक्रमों में बड चढकर हिस्सा लेकर मानव सेवा में अपना योगदान दिया है। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन गुरधानी ने कहा कि स्व डॉ श्रीचन्द्र जैन ने जो भी हमें सिखाया है। हम उन्ही के सिखाए हुए रास्तों पर चल रहें है। जैन बडा मंदिर के मंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू,सौरभ जैन गुलाबगंज,पवन जैन,पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,प्रमोद जैन,संत सुधा सागर गौशाला के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र जैन,संजय जैन सियलपुर द्वारा जिनोदय तीर्थ क्षेत्र,पचखनी जैन मंदिर आदि मंदिरों में शोक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही स्व श्री जैन के बताए हुए कार्यो को याद किया गया। राजेश जैन पाण्डेय,डॉ राजीव जैन बंटी,डॉ मोहित जैन टिंकल,रूपेश जैन आदि मौजूद रहे।



## रहली ब्लॉक के सभी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव, विद्यार्थियों के ऊपर शिक्षकों ने की पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली

मंगलवार को ब्लाक के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीआरसी आरडी अहिरवार ने बताया कि रहली ब्लॉक के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के जन प्रतिनिधि पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और अभिभावक सम्मिलित हुए। सभी स्कूलों में तिलक लगाकर छात्रों का स्कूल में स्वागत किया गया। बच्चों को मध्यान भोजन वितरण किया गया, साथ ही किताबें भी वितरित की गई। सीएम राइज कृषि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर के 12वीं तक के लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया। सीएम राइज विद्यालय रहली के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा छात्र छात्राओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर एवं तिलक लगा कर स्वागत किया गया।



**मप्र इस साल तीसरे स्थान पर खिसक गया है**

## 80 लाख मीट्रिक टन की बजाय 48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हो सकी है, लक्ष्य से 40% कमः बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पूर्व विधायक प्रत्याशी कुरवाई एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि यह चौंकाने वाली और गंभीर चिंता की बात है कि 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य की बजाय मप्र में इस बार सिर्फ 48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हो सकी है जो लक्ष्य से 40 प्रतिशत कम है।

उन्होंने कहा कि वैसे तो मप्र में 15.46 लाख किसानों ने गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 6.13 लाख किसानों ने ही सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचा, ऐसा क्यों। बोहत ने कहा कि यह मीडिया रिपोर्ट ऐसे समय पब्लिक डोमेन में आई है, जब केंद्रीय कृषि मंत्री भी मध्यप्रदेश में ही हैं। बीते 4 सालों में पंजाब के साथ गेहूं खरीद में टॉप 2 में रहा। मप्र इस साल तीसरे स्थान पर खिसक गया है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2,700 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा किया, तो लाखों रजिस्ट्रेशन हो गए। इतना ही नहीं भाजपा को वोट नहीं देने वाले किसानों को भी उम्मीद थी कि इस बार उनका भला होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वही 125 रुपए बोनस के साथ जब खरीदी मूल्य 2,400 रुपए प्रति क्विंटल ही रहा, तो नाराज किसान मंडियों में चले गए। किसानों ने इसे केंद्र की भाजपा सरकार की राजनीतिक धोखाधड़ी और वोट लूटने की रणनीति बताया है। बोहत ने कहा कि जानकारों का यह भी कहना है कि रजिस्ट्रेशन फरवरी के अंत में शुरू हुए, लेकिन बोनस की घोषणा मार्च के दूसरे हफ्ते में हुई, देरी और इस वादा खिलाफी के बाद ही नाराज किसान मंडियों का रुख करने लगे। तब विपक्ष के साथ मीडिया ने सरकार को चेताया, किंतु सरकार सोई रही। मध्य प्रदेश सरकार से यह पूछा जाना चाहिए कि वह क्यों भूल गई कि खरीदी भी 20 मार्च के बाद शुरू हुई, जबकि मालवा जैसे क्षेत्र में एक हफ्ते पहले ही गेहूं की फसल बाजार में आ जाती है और मालवा मध्य प्रदेश का एक बड़ा गेहूं उत्पादक इलाका है। गेहूं खरीद में मध्यप्रदेश के पीछे रहने के लिए केवल और केवल डॉ. मोहन यादव सरकार की नासमझी और किसानों के साथ वादा करके मुकर जाने की नीति है। किसानों की इस उपेक्षा से उनके मन में अविश्वास का भाव आया और उन्होंने सरकार की बजाय बाजार पर भरोसा कर लिया। केंद्र की मोदी सरकार को मध्य प्रदेश के किसानों से माफी मांगनी चाहिए व 2700 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बकाया भुगतान भी तुरंत करना चाहिए। अन्यथा आने वाले समय में पूरे देश में खरीदी को लेकर मध्य प्रदेश की और ज्यादा किर किरी होगी।



## अलीगंज के पास निर्माणाधीन फैक्टरी में गोवंश काटने की शंका पर की शिकायत

### मांस का नमूना जांच को भेजा, रिपोर्ट का इंतजार

### हिन्दू संगठनों ने जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिपरिया मार्ग पर अलीगंज के पास एक निर्माणाधीन फैक्टरी में गोवंश काटे जाने और पका हुआ मांस बोरी में भरकर फेंकने की हिन्दू संगठनों द्वारा शिकायत की गई। पुलिस ने मांस को जब्त कर जांच के लिए भेजा है। उक्त मामले को लेकर विहिप, बजरंग दल, करणी सेना इत्यादि हिन्दू संगठनो द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंच कर दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए गुरुवार सुबह 11 बजे तक का समय दिया है।

पिपरिया मार्ग पर अलीगंज ग्राम से पूर्व एक फैक्टरी का निर्माण चल रहा है। उक्त फैक्टरी के अधिकांश कर्मचारी, मजदूर बाहरी है। ईद के दिन गाय के बछड़े को काटे जाने की हिन्दू संगठनों को सूचना मिली जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। हिन्दू संगठनों के साथ पुलिस भी फैक्टरी पहुंची। एक बोरी में पका हुआ मांस बाहर फेंक कर भाग रहे थे। जिन्हे पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने पशु चिकित्सक की टीम द्वारा मांस के नमूने एकत्रित कर जांच के लिए सागर की प्रयोगशाला में भेजने की कार्यवाही की। जांच रिर्पोट आने पर दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा पुलिस ने दिया है।

हिन्दू संगठनों के लोगों ने मामले पर प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए एक बैठक की। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गुरुवार सुबह 11 बजे तक कार्रवाई का समय दिया है। पुलिस मामले में शिकायत आने, मांस का नमूना भेजने और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई का भरोसा दे रही है। दो लोगों को पुलिस अपने साथ लाकर उनसे पूछताछ भी कर रही है।

**इनका कहना है...**

शिकायत मिली थी। घटना स्थल पर पहुंचकर पका हुआ मांस जब्त कर उसे जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**विजय त्रिपाठी,** टीआई बरेली

## विश्व सिकल सेल दिवस पर हुआ कार्यक्रम अभियान, बचाव ही उपचार माना गयाः डीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पीडियाट्रिक विभाग मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून को स्थानीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में विश्व सिकल सेल एनीमिया जागरूकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई ।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम ने उद्बोधन में बताया कि सिकल सेल अनीमिया एक ख़तरनाक जानलेवा और अनुवांशिक बीमारी है। इसकी जागरूकता ही इससे बचाव और उपचार माना जाता है आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज की पीडियाट्रिक विभाग प्रमुख डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि सिकेल सेल बीमारी पीड़ित माता पिता के सम्बाहक होने के कारण होती है बीमारी रोकने के लिए शादी के पूर्व सिकेल सेल बीमारी की कुंडली अवश्य मिलानी चाहिए और पीड़ितों को शादी करने से बचना चाहिए। गर्भ अवस्था में शुरुआती 10 सप्ताह के अंदर गर्भ की जाँच से भी सिकेल सेल बीमारी का निदान किया जा सकता है।

शिशुरोग विशेषज्ञ एवं प्रदेश आईएमए के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ एम के जैन ने बताया कि सिकेल सेल एक ख़तरनाक जानलेवा बीमारी है और ब्लड का हीमोग्लोबिन सामान्य और फ्लेक्सिबल की जगह हंसिये की तरह और कड़क हो जाता है और रक्त नलियों में से आसानी से शरीर के अंग और प्रत्यंगों में नहीं पहुँच पाता और उस हिस्से में ऑक्सीजन और पोषण नहीं पहुंच पाता।

दुष्परिणाम स्वरूप हृदय ,लिवर , किडनी,मस्तिष्क और स्प्लीन जैसे अंगों की कार्यप्रणाली सामान्य कार्य नहीं कर पाती और जीवन पर संकट आ जाता है। सिकेल सेल बीमारी अफ़्रीकन ,नाइजीरियन , भारत और कांगों रिपब्लिक में सबसे अधिक पीड़ित पाये जाते है। गंभीरता का अन्दाज़ इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्य प्रदेश के लगभग 60% आदिवासी जिलों में आबादी का 1-40 % तक पीड़ित मरीज़ पाए जा रहे है और इसलिए ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 जुलाई 2023 को मध्य प्रदेश के शहडोल ज़िले में सिकेल सेल बीमारी के देश भर में संभावित 7 करोड़ मरीजों का स्क्रीनिंग टेस्ट तीन वर्ष भीतर पूर्ण करना है। 2047 तक बीमारी को जड़ से समाप्त करने के अभियान को प्रारंभ किया है।

शाखा सचिव एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि सिकेल सेल बीमारी में बच्चे खून की कमी से पीड़ित होते हैं और बार बार बीमार हो जाते है और अधिक बीमारियों से बचाने के लिए सामान्य टीको के अलावा हैमोफ़िलस इन्फ्लुएंजा , न्यूमोकॉकल , और मेनिंगोकॉकल बीमारी से बचाव के टीके अवश्य लगवाना चाहिए डीहाइड्रेशन से बचाव भी करना चाहिए बीमारी के निदान के लिए नवजात शिशुओं और शंकास्पद मरीजो की ब्लड की जांच अवश्य करवाना चाहिए। कोषाध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज शिशु विभाग के सह प्राध्यापक डॉ दीपक उईके ने बताया कि बोन मेरो /स्टेम सेल ट्रांसप्लांट भी पीड़ित मरीजों के लिए आशा की किरण हो सकती है । लेकिन काफ़ी खर्चीला है।



## माधव प्रसाद कटारे को सर्वसम्मति से कर्मचारी संघ का संरक्षक चुना गया

**सागर।** नगर पालिक निगम कर्मचारी संगठन का रजिस्ट्रेशन शासन के नियमानुसार 12 जून को म.प्र. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अंतर्गत कराया गया है जिसका अब रजिस्टर्ड नाम नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ रखा गया है और अब कर्मचारी संगठन का पुनर्गठन निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा किया जाना प्रस्तावित है, इस संबंध में विचार-विमर्श तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अस्थाई कार्यकारणी गठन हेतु आवश्यक बैठक बुधवार को निगम सभा कक्ष में आयोजित की गयी, जिसमें संगठन के गठन और उसके उद्देश्य और कार्यों के संबंध में कर्मचारियों को जानकारी देते हुए बैठक में सर्वसम्मति से माधव प्रसाद कटारे को संगठन का संरक्षक चुना गया तथा जब तक कर्मचारी संघ के चुनाव नहीं हो जाते तब तक संयुक्त मोर्चा की पुरानी कार्यकारिणी ही संगठन के कार्यों का संचालन करेगी, साथ ही साथ कर्मचारियों के कल्याण हेतु संघ की स्थायी सदस्यता लेने हेतु न्यूनतम शुल्क जमा करने के संबंध में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक के प्रारंभ में चंद्र विजय गौर ने बताया कि नगर निगम कर्मचारियों का कोई पंजीकृत संगठन न होने के कारण अन्य संगठनों के सहयोग से गतिविधियां संचालित की जाती थी लेकिन अब संघ के संरक्षक माधव प्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में निगम के कर्मचारियों का संघ पंजीकृत कराया गया है इसलिए संघ गठन के नियम अनुसार सदस्यता शुल्क और संगठन के चुनाव कराना आवश्यक होता हैं।

### रिमझिम बारिश के बाद बढ़ी गर्मी उमस

**हरिभूमि न्यूज बरेली।** मंगलवार की रात में प्री मानसून की गतिविधियों एवं घंटो की रिमझिम बारिश से ऐसा लगा था कि मूंग कटाई का समय मिलेगा या नहीं। बुधवार को सुबह से मौसम साफ रहने तेज धूप निकलने के साथ भारी उमस का माहौल दिन भर बना रहा। एक बार फिर मूंग की खेती करने वाले हजारो किसानों को मूंग कटाई का समय मिल गया है। जून माह का तीसरा सप्ताह चल रहा है। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र प्रचण्ड गर्मी, तेज धूप से हैरान परेशान बना हुआ है। मानसून की बारिश शुरू होने में 10-12 दिनों का बिलम्ब धान की खेती करने वाले किसानों में चिंता का विषय बना हुआ है। जिन किसानों ने धान का रोपा डाल दिया, भीषण गर्मी के बने माहौल से रोपा का विकास प्रभावित हो रहा है। मंगलवार की शाम से प्री मानसून के बने माहौल में एक दो घंटे तक कही तेज तो कही रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। जहॉ तेज बारिश हुई वहॉ नमी की अधिकता से मूंग की कटाई, थ्रेसिंग का कार्य प्रभावित बना रहा। बुधवार को सुबह से ही साफ मौसम और तेज धूप से किसानों को मूंग कटाई का पुनः अवसर मिल गया है। 22 जून से मानसून की बारिश शुरू होने की चर्चा है। बुधवार को सुबह से तेज धूप गर्मी और भारी उमस से नगर एवं क्षेत्र के निवासी हैरान परेशान बने रहे।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के सबसे पुराने और सबसे बडे शा. बालक हासे. स्कूल में शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले दिन स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल आने वाले छात्रों का तिलक लगाकर शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। लगभग 45 दिनों में अवकाश के बाद स्कूल पहुंचे छात्रों का आपस में मेल मिलाप और गपशप चर्चाओं का भी माहौल बना रहा।



### क्षेत्र का पहला बड़ा सरकारी स्कूल

नबावी शासन के दौरान 1940 में प्राथमिक शाला के रूप में शिक्षा की व्यवस्था शुरू हुई। प्राथमिक शाला से उन्नयन होते हुए दशकों से शा. बालक हासे. क्षेत्र का पहला सबसे पुराना और बडा सरकारी स्कूल बना हुआ है। पुराने भवन के क्षतिग्रस्त जर्जर होने पर पिछले अनेक वर्षो से जनभागीदारी एवं सांसद, विधायक निधि से बालक हासे. के नए सुविधापूर्ण भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें प्राचार्य केके वानी, समिति के अध्यक्ष जेपी ठाकुर और स्कूल स्टाफ की महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका बनी हुई है। बालक हासे का छात्रावास धराशाही हो चुका है। लगा हुआ हा.से. का कृषि प्रक्षेत्र की भूमि पर बडे स्तर पर अतिक्रमण होने से क्षेत्रफल सिकुडता जा रहा है।

शासकीय बालक हा.से. में स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जोधाराम ठाकुर, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जेपी ठाकुर, रणधीर चौधरी, नारायण सिंह धाकड़, प्राचार्य केके. वानी की विशेष उपस्थिति रही। स्कूल आने वाले छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाता रहा। छात्रों को पुस्तको का भी वितरण किया गया। लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

### प्राइवेट स्कूल में प्रवेश गतिविधियां

ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद सरकारी के साथ प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश और शिक्षण की गतिविधिया शुरू हो गई है। बरेली संपूर्ण क्षेत्र में शिक्षा का सबसे बडा केन्द्र है। जहॉ सरकारी कॉलेज के साथ प्रायवेट कॉलेज, सरकारी बालक एवं कन्या हा.से. अनेक माध्यमिक प्राथमिक शालाओं के साथ दर्जनों प्रायवेट हासे स्कूल है। नगर में सीबीएसई स्कूल भी संचालित हो रहे है। नये शिक्षा सत्र को लेकर स्कूलों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## 8 दिन चला अभियान नहीं बदली तालाबों की स्थिति

### राजस्व रिकार्ड में दर्ज तालाब बने कूडादान, गिरते भू-जल को रोकने में तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी जनपद की विभिन्न ग्रापं. में 100 से अधिक प्राचीन तालाब सरकारी रिकार्ड में दर्ज है। वर्षो तक जलाभिषेक अभियान चला, इस वर्ष प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सम्वर्धन अभियान की 5 जून से शुरूआत की 16 जून गंगा दशहरे के दिन समापन हो गया। परंतु जनपद क्षेत्र के सरकारी रिकार्ड में दर्ज 100 से अधिक तालाबों की साफ सफाई, गहरीकरण और तालाबों की भूमियो को अतिक्रमण मुक्त करने उदासीनता बनी रही। जनपद क्षेत्र में 100 से अधिक तालाबों के साथ लगभग सवा दो सौ ग्रामों में प्राचीन कुंआ भी है, जो कभी ग्रामीणो की जलापूर्ति, पेयजल का प्रमुख साधन हुआ करते थे। सरकारी अभियान जिसमें ग्रापं. जनपद और जनभागीदारी से साफ सफाई गहरीकरण से कार्य होना थे। स्थिति जैसी की तेसी बनी रहने से गंदगी से लवरेज कूडादान बने रहने से मुक्ति कब मिलेगी व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है। जल संकट की बन रही स्थिति में यदि जनपद क्षेत्र के 100 से अधिक राजस्व रिकार्ड में दर्ज तालाबों का अतिक्रमण हट जाए, विशेष योजना बना कर तालाबों का गहरीकरण, साफ सफाई हो जाए तो इससे निरंतर नीचे गिरता भू-जल स्तर कम हो सकता है। तालाबों में व्यापक स्तर पर सिंघाड़े की खेती होने से ढीमर-कहार जाति के परिवारों की आर्थिक समस्याएं दूर हो सकती है। तालाबों का सौंदर्यकरण कर उन्हें गांवों की शान भी बनाया जा सकता है।



### सैकड़ों कुंआ भी उपेक्षित

अधिकांश ग्रामों में निजी हेण्डपंप या नलजल योजनाओं के द्वारा जलापूर्ति होने से जनपद क्षेत्र के सवा दो सौ ग्रामो जो 106 ग्रापं. के अन्तर्गत आते है। सेकडो प्राचीन कुंआ भी उपेक्षा का शिकार बने हुए है। इन प्राचीन कुओं से ही ग्रामीणों की पेयजल व्यवस्था हुआ करती थी। इन प्राचीन कुओं की यदि साफ सफाई हो जाए तो इनका पुराना वैभव और महत्व लोट सकता है।

**खबर संक्षेप**

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### बस संचालक परमिट से दोगुने यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर बसों में बैठा रहे

# जोखिम भरा सफर: सड़कों पर दौड़ रहीं खटारा यात्री बसें, तेज रफ्तार के कारण हो रहे हादसे

भैरूंदा यात्री बसों के फिटनेस की जांच आरटीओ अमले द्वारा समय समय पर नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप सड़कों में खटारा बसें फर्राटे से दौड़ रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

आरटीओर विभाग की लापरवाही से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। सड़कों में ना केवल खटारा बसें तेज रफ्तार से दौड़ रही हैं यात्री बसों के ड्राइवर बेधड़क वाहन चलाकर यात्री की जान जोखिम में डाल रहे हैं। इन सबके बावजूद आरटीओ विभाग ने बसों की चैकिंग का अभियान बंद ही कर दिया है। आरटीओ विभाग द्वारा जांच नहीं किए जाने से बेलगाम दौड़ी रहीं अनफिट बसें हादसों का कारण बन रही हैं। भैरूंदा यात्री बसों के फिटनेस की जांच आरटीओ अमले द्वारा समय समय पर नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप सड़कों में खटारा बसें फर्राटे से दौड़ रही हैं।

#### 30 फीसदी बसों में नहीं सुरक्षा व्यवस्था

बसों में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी बसों में बॉक्स लगाना अनिवार्य है आरटीओ अमले की लापरवाही के कारण अब फिर से बिना सुरक्षा व्यवस्था के साथ बसें दौड़ रही हैं। सीहोर, भोपाल, हरदा, इन्दौर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ रहीं करीब 30 फीसदी बसों में अग्निशमक यंत्र उपलब्ध है ना ही घायलों के इलाज के लिए फर्स्टडेट बॉक्स सुरक्षा



व्यवस्था इतना ही नहीं आपातकालीन खिड़की का भी अधिकांश बसों में पता नहीं है।परमिट से दोगुने यात्री ऐसी बसों में बैठाए जा रहे हैं। इसके कारण भी बसें अनियंत्रित होकर हादसों का कारण बन रही हैं।

#### कार्रवाई न होने से बस संचालक कर रहे मनमानी

भैरूंदा बस स्टैंड से बस के ऊपरी हिस्से में असुरक्षित तरीके से रखी जा रही सामाग्री। इन्दौर-भोपाल ग्रामीण मार्ग पर चल रही यात्री बसों में ओवर लोडिंग व बस संचालकों की मनमानी चरम पर है। आरटीओ विभाग से कार्रवाई नहीं होने के कारण आम लोगों की जान को खतरे में डालकर ओवर लोड बसें बेरोकटोक दौड़ रहीं है।

**नहीं लगाई किराया सूची :** इन्दौर, भोपाल ,सीहोर चलने वाली बसों में न तो किराया सूची है। न ही बस के ड्रायवर-




कंडेक्टर आरटीओ से तय ड्रेस कोड में रहते हैं। इसके कारण यात्री बस के कर्मचारियों को नहीं पहचान पाते।बिना किराया सूची के यात्रियों से बस में मनमाना किराया वसूला जा रहा है।

#### लगेज का ले रहे किराया

आरटीओ के अनुसार सवारी बस में ज्यादा लगेज का पैसा लेने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है लेकिन बस के कर्मचारी नियमों के हवा में उडाते हुए लगेज के नाम पर मनमाना पैसा बसूल रहे हैं। कर्मचारी कई बार तो लगेज के पैसे के नाम पर यात्रियों से अभद्रता तक पर उतारु हो जाते हैं। नियमों को ताक में रखकर कई अन्य ट्रांसपोर्ट कंपनी की बसो में कई बार बस के अंदर तक लगेज को भरकर ले जाया जाता है। इससे सवार यात्रियों को सफर में मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

#### दौड़ा रहे कंडम बसें

भैरूंदा से ग्रामीण क्षेत्रों के इस रूट पर चलने वाली अधिकतर बसें कंडम स्थिति में है, जिनकी फिटनेस का अता-पता तक नहीं है। बस में सवार यात्रियों की जान की परवाही किए बिना बस के कर्मचारियों द्वारा बस के ऊपरी हिस्से में लोहे की इंगल जैसी अन्य सामग्री ढोई जा रही है। यहां तक की बस के केबिन में भी संभावित दुघर्टना को आमंत्रण देने वाली इसी तरह की सामग्री लगेज में ले जाई जा रही है।ग्रामीण इलाकों में ऐसा ही नजारा गुप्ता बस भोपाल से लाडकुई चलने बस कंपनी की में देखने को मिला। सुरक्षा नियमों को ताक में रखकर बस में ना तो अग्निशमक यंत्र उपलब्ध है ना ही घायलों के इलाज के लिए फर्स्टडेट बॉक्स की कोई व्यवस्था रहती है।

#### समय-समय पर होती है जांच

समय-समय पर यात्री बसों के फिटनेस की जांच कराई जाती है। इसके अलावा बस संचालकों को यात्री सूची को चस्पा करने के साथ यात्रियों को निर्धारित संख्या में बैठाने की भी हिदायत दी जाती है।

**रितेश तिवारी,** जिला परिवहन अधिकारी, सीहोर

## वार्ड पार्षद इरफान वेल्डर के निधन पर नपा में शोकसभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका के अंतर्गत शहर के वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद इरफान वेल्डर का आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में शोक सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया। इसमें नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के अलावा शहर के अनेक पार्षद तथा कार्यालयकर्मी उपस्थित थे। सभी पार्षदों ने शोक सभा का आयोजन किया, साथ ही 2 मिनट की मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि वार्ड संख्या 30 के लोगों के लिए काफी काम किया, उनके इस आकस्मिक निधन से सभी शोकाकुल हैं। उनकी आत्मा की शांति के लिए हमने मिल कर प्रार्थना की है।

## जेसीबी-ट्रैक्टर छोड़े जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**बुधनी।** हाल ही में जोशीपुर-बगवाड़ा गांव में रेत पर की गई कार्यवाही अब वैध और अवैध पर जाकर अटक गई है जहां एसडीएम आरएस बघेल का कहना है कि रेत नर्मदा नदी से पानी के अंदर से निकाली जा रही थी वहीं दूसरी ओर ठेकेदार का कहना है की खदान वैध है। मंगलवार को ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मौके से जप्त किए गए वाहनों को छोड़े जाने और खदान को फिर से प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जोशीपुर-बगवाड़ा रेत खदान वर्ष 2026 तक के लिए स्वीकृत है। हम सभी ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रालियों की मदद से नर्मदा से रेत निकाल कर गांव में इकट्ठी करते हैं और ट्रैकों में मशीनों द्वारा इस रेत को भरा जाता है नदी में किसी प्रकार की मशीन नहीं चलाई जाती हाल ही में एसडीएम साहब द्वारा की गई कार्यवाही में हमारी ट्रैक्टर ट्राली और डंपर,जेसीबी जप्त कर लिए गए हैं और रेत खदान भी बंद करवा दी गई है जबकि ठेकेदार द्वारा



खदान को वैध बताया जाता है इस कार्यवाही से हमें खदान की वैधता पर संदेह होता है हमारे द्वारा इकट्ठी की गई रेत का भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उधर ग्रामीणों ने बताया कि एसडीएम साहब का कहना है की खदान अवैध है वहीं खनिज विभाग का कहना है की खदान वैध है अंत में ज्ञापन में मांग की गई है कि जप्त की गई जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली जल्द से जल्द छोड़ी जाए और खदान पुनः प्रारंभ की जाए ज्ञापन सोंपने वालों में मुख्य रूप से रविंद्र सिंह राजपूत,कृष्ण यादव, नंदकिशोर यादव,विशाल राजपूत,दीपक यादव,धनराज यादव, सुनील यादव,मयंक सिंह,लखन यादव, अमित यादव साहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। शिशुपाल सिंह राजपूत सरपंच-एसडीएम साहब गांव आए थे उन्होंने10ट्रैक्टर देने का कहा था रेत खदान वैध है। ग्रामीणों की रोजी-रोटी चलती है दो विभागों की आपस की लड़ाई में गांव वालों का नुकसान हो रहा है। एसडीएम आरएस बघेल ने कहा कि खदान की वैधता पर कोई सवाल नहीं उठाए गए हैं बल्कि नर्मदा नदी के अंदर से नियम विरुद्ध तरीके से पनडुब्बी और ट्रैक्टर द्वारा रेत निकाले जाने को लेकर कलेक्टर महोदय के आदेश पर यह कार्यवाही की गई है ट्रैक्टर मांगे जाने वाली बातें अनर्गल है।

## सीएम राइज विद्यालय रेहटी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

सीएम राइज विद्यालय में 18 जून को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि नगर परिषद रेहटी उपाध्यक्ष अर्चना सजीव शर्मा की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। छात्र एवं छात्राओं को निःशुल पाठ्यपुस्तक का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में म.प्र. के शिक्षामंत्री उदय प्रताप सिंह के अभिभावकों के लिए संदेश का वाचन भी किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम क्री भी प्रस्तुत छात्र-छात्राओं द्वारा किए गया । संस्था प्राचार्य चंद्रपाल चौहान द्वारा मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया ।

## जिले की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं का एनक्यूएएस मूल्यांकन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**सीहोर।** जिले की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं का 12 से 15 जून तक भारत सरकार के उच्च स्तरीय दल द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन के मापदण्डों के अनुरूप सघन मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशानुसार नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। भारत सरकार द्वारा नामांकित राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता में डॉ. हेमलता सारस्वत (जयपुर राजस्थान) एवं डॉ. अरूलमोझी (कांचीपुरम तमिलनाडू) शामिल थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिला मूल्यांकन अधिकारी श्री नीलेश गर्ग, अस्पताल प्रबंधक संजूलता भार्गव एवं जिला क्वालिटी मॉनिटर डॉ. हर्षा गुप्ता द्वारा एन.क्यू.ए.एस. की व्यापक कार्य योजना निर्मित की गई थी। एचडब्ल्यूसी झालकी (इछावर) एवं सीलकंठ (भैरूंदा) के मूल्यांकन के दौरान संस्था पर पदस्थ सीएचओ, एएनएम,



एमपीडब्ल्यू, आशा कार्यकर्ता एवं सेक्टर चिकित्सक के द्वारा क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं उनके कार्य कौशल का राष्ट्रीय दल द्वारा आंकलन किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चकल्दी (भैरूंदा) के मूल्यांकन के दौरान दल द्वारा ओपीडी, आईपीडी, नेशनल हेल्थ प्रोग्राम, लैब, लेबर रूम, जनरल एडमिन विभागों का सघन मूल्यांकन किया गया।

## भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने मारी बाजी

**भैरुंदा।** जेईई मेन्स के रिजल्ट जारी हो चुके हैं। इस परीक्षा में कई छात्र अच्छे अंकों से पास हुए हैं और वे नामी इंजीनियरिंग कॉलेज में अपनी सीट पक्की करने के लिए तैयार हैं. इस परीक्षा में भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल भैरुँदा के होनहार छात्र हिमांशु वर्मा,पुत्र रामदीन वर्मा ने 1591वी जेईई एडवांस ऑल इंडिया केटेगरी रेंक हासिल की व अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। कड़ी मेहनत और घंटों की पढ़ाई का फल देखकर हिमांशु काफी खुश हैं।

हिमांशु कहते हैं रिजल्ट देखकर सभी खुश हैं।मुझे भी गर्व है मेरे विद्यालय और परिवार पर जिनका



सहयोग हमेशा से मुझे मिलता रहा है। मेरी इस सफलता के पीछे स्वयं की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिया गया मार्गदर्शन भी है । शिक्षकों ने हमेशा ही मुझे प्रेरित किया है। विद्यालय परिवार भी हिमांशु की इस अभूतपूर्व सफलता से उत्साहित है।

### श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती: पं. राहुल कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। राम कथा का श्रवण पूरे मन से करना चाहिए। उक्त बात शहर के जगदीश मंदिर स्थित प्राचीन मंदिर के परिसर में समस्त महाकाल सेवा समिति सब्जी मंडी के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे।

संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई थी। उन्होंने कहा कि सीखना ज्ञान की साधना है। इस पथ पर चलना अर्थात नियमित साधना, कर्म की साधना है। भक्ति तो मोक्ष साधना का चरम बिंदु है। श्रीराम का जन्म हुआ। श्रीराम



की मां कौशल्या थी और पिता दशरथ। रामायण के अनुसार अयोध्या के राजा की तीन रानियां थी। कौशल्या, कैकई और सुमित्रा, राजा दशरथ ने संतान प्राप्ति के लिए गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाया। जिसे श्रृंगी ऋषि ने संपन्न किया। यज्ञ संपन्न हुआ तो यज्ञ कुंड से अग्निदेव स्वंय खीर का पात्र लेकर प्रकट हुए। इस खीर को उन्होंने तीनों रानियों को बांट दिया। खीर खाने के कुछ दिन बाद कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम, कैकई के गर्भ से भरत और सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। रामकथा के श्रवण से मन के राग, द्वेष, ईष्या और भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। यह मन को शांत कर हिंसक भावनाओं का रोकती है। राम नाम की महिमा बतलाते हुए कहा कि राम का नाम अनमोल है, यदि पापी भी राम का नाम लेता है तो उसे सदगति मिल जाती है। जिसके ह्दय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं, जिस पर हरि कृपा होती है। वह मनुष्य ही प्रभु की कथा में शामिल होता है। श्रीराम कथा का मनोयोग से श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन में उतारें। तभी कथा की सार्थकता है। मन व ध्यान की एकाग्रता से हर कार्य में सफलता मिलती है। भगवान का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। रामायण हमें समाज के संस्कार, अच्छे- बुरे की पहचान सिखाती है। सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है।

## बिजली कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट पर होगी एफआईआर

**सीहोर।** बिजली के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई.आर. कराने के निर्देश दिए हैं।

कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ होने वाली दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के तौर पर लिया जाकर तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति के लिए विषम परिस्थिति में निष्ठापूर्वक काम कर रहे अधिकारियों/ कर्मचारियों का मनोबल नीचा करने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती है। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों/ कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।